(अनन्तः०) इस मंत्रसै जीर्णडोरेकोभी देदेवै फिर यथाशक्ति ब्राह्मणोंको जिमावै इस कर्मके करनेसे अनन्तदेव प्रसन्न होते हैं ॥ इति पूजाविधिः समाप्तः ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अथ कथा—सूतजी बोलेकि पहले गंगाजीके किनारे जरासंधके मारनेके अर्थ धर्ममें तत्पर राजा यु-
धिष्ठिरने राजसूययज्ञ प्रारम्भ किया और तबही॥१॥श्रीकृष्णचन्द्र और भीम तथा अर्जुनके साथ राजा

अथकथा ॥ ॥ सूतउवाच ॥ ॥ पुरातुजाह्नवीतीरेधर्मोधर्मपरायणः ॥ जरासंध
वधार्थायराजसूयमुपाक्रमत् ॥१॥ कृष्णेनसहधर्मोसौभीमार्जुनसमन्वितः ॥ य
ज्ञशालांप्रकुर्वीतनानारत्नोपशोभिताम् ॥ २ ॥ मुक्ताफलसमाकीर्णामिन्द्रालय
समप्रभाम् ॥ यज्ञार्थंभूपतीन्सर्वान्समानीयप्रयत्नतः ॥३॥ गान्धारीतनयोरा
जातदानींनृपनन्दनः ॥ दुर्योधनइतिख्यातःसमागच्छन्मखालयम् ॥ ४ ॥

युधिष्ठिरने अनेक रत्नोंसे शोभित यज्ञशाला सजाई ॥ २ ॥ मोतियोंसे भरी हुई इन्द्रभवनके सदृश यज्ञशा-
लाको बनाकर यज्ञके लिये सब राजओंको बुलाया ॥ ३ ॥ उसीसमय कुरुवंशोद्भव गांधारीके पुत्र राजा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दुर्योधन उस यज्ञशालामें आये ॥ ४ ॥ वहां उस सभाके आंगन स्थलको जलसमझकर वस्त्र ऊंचेकर राजा दुर्योधन हौले २ चलने लगे ॥५॥ दुर्योधनकी स्थलमें जलकीसमान बुद्धि जानकर द्रौपदीको आदिलेकर

दृष्ट्वादुर्योधनस्तत्रप्राङ्गणंजलसन्निभम् ॥ ऊर्ध्वंकृत्वातुवस्त्राणितत्रागच्छच्छनैःशनैः ॥ ५ ॥ स्मितवक्त्राश्चतंदृष्ट्वाद्रौपद्यादिवराङ्गनाः ॥ दुर्योधनस्ततोगच्छन्जलमध्येपपातह ॥ ६ ॥ पुनःसर्वेनृपाश्चैवऋषयश्चतपोधनाः ॥ उपहासंचचक्रुस्ताद्रौपद्यादिसुलोचनाः ॥ ७ ॥

सब सुन्दरस्त्रियें हँसने लगीं फिर राजा दुर्योधन आगे चलकर जलमें स्थलकीभ्रान्तिसे मोहित हो जलमें गिरगये ॥ ६ ॥ फिर तौ राजा और तपोधन ऋषिलोग और द्रौपदी आदि सुन्दरनेत्रोंवाली सम्पूर्णस्त्रियें

१ राजायुधिष्ठिर इनका सुयोधननाम कहा करतेथे।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

खूब बांधकर और पिटारेमें धरकर भोजनसे बाकी बचे भोजनको रस्तेकेलिये देकर जामातसैं बोली कि अब तुम अपने घर चलेजाओ ॥ ४७ ॥ और यहभी कहा देखलो घरमें कुछभी द्रव्य नहीं है हे

पेटकेसुस्थिरंबद्ध्वास्वगृहंगम्यतामिति ॥ भोज्यावशिष्टचूर्णेनपाथेयंचचकारसा ॥४७॥ उवाचवित्तंनैवास्तिगृहेपश्ययदिस्थितम् ॥तच्छ्रुत्वाविमनाःपार्थसंयतात्मामुनिस्तदा ॥ ४८ ॥ कौण्डिन्योपिविवाह्यैनांपथिगच्छन्शनैःशनैः ॥ शीलांसुशीलामादायनवोढांगोरथेनहि ॥ ४९ ॥ ददर्शयमुनांपुण्यांतामुत्तीर्यतटेरथम् ॥ संस्थाप्यावश्यकंकर्तुंगतःशिष्यान्नियुज्यवै ॥ ५० ॥

राजन्! यह सुनकर मनमें दुःखी होते हुए आत्मज्ञानी मुनिराज ॥४८॥ कौण्डिन्यभी सुन्दरस्वभाववाली शीलाका विवाह कर बैलगाडीमें बैठकर हौले२रस्तेमें आये॥४९॥पवित्र यमुनाको देखकर उसके किनारे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

में रथको खडाकर उस रथमेंसे शीलाको उतार शिष्योंको वहां बैठालकर कौण्डिन्य नित्यकृत्य करने को चले गये ॥ ५० ॥ दुपहरके भोजन करनेके समय नदीके किनारे रथसे उतर शीलाने लालवस्त्र धार

मध्याह्नेभोज्यवेलायांसमुत्तीर्यसरित्तटे ॥ ददर्शशीलासास्त्रीणांसमूहंरक्तवासासाम् ॥५१॥ चतुर्दश्यामर्चयन्तंभक्त्यादेवंजनार्दनम् ॥ उपगम्यशनैःशीलापप्रच्छस्त्रीकदम्बकम् ॥५२॥ आर्या किमेतन्मेब्रूतकिन्नामव्रतमीदृशम् ॥ ताऊचुर्योषितस्तांतुशीलांशीलविभूषणाम् ॥ ५३ ॥

ण करेहुए स्त्रीयोंके समूहको देखा ॥५१॥ भक्तिकरके चतुर्दशीके दिन विष्णु भगवान्की पूजा करतेहुए स्त्रियोंके समूहके धोरे शीलाने हौले२ जाकर पूछा ॥५२॥ शीला बोली हे सौभाग्यवतीयों ? कहो तौ इस व्रतका क्या नाम है, यह सुनकर वे स्त्रियें शीलहीहै भूषण जिसका ऐसी शीलासै बोलीं ॥ ५३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यह अनन्तका व्रतहै इस व्रतमें अनन्तदेवका पूजनहोताहै. यह सुनकर शीला बोली इस उत्तम व्रतको मैंभी करूंगी ॥ ५४ ॥ और इस व्रतकी क्या विधिहै और क्या दान दिया जाताहै और किस

अनन्तव्रतमेतद्धिव्रतेनन्तस्तुपूज्यते ॥ साब्रवीदहमप्येतत्करिष्येव्रतमुत्तम म् ॥ ५४ ॥ विधानंकीदृशंतत्रकिंदानंकोत्रपूज्यते ॥ ॥ स्त्रियऊचुः ॥ ॥ शी लेसदन्नप्रस्थस्यपुंनाम्नासंस्कृतस्यच ॥ ५५ ॥ अर्धंविप्रायदातव्यमर्धमात्म निभोजनम् ॥ शक्त्याचदक्षिणांदद्याद्धित्तशाठ्यविवर्जितः ॥ ५६ ॥

देवताकी पूजा होती है यह सुन स्त्रियें बोलीं हे शीले ! एक सेर सुन्दर समेके चावल अच्छी पवित्रतासे बनाकर ॥ ५५ ॥ उसमेंसैं आधा तौ ब्राह्मणको देदे और आधा आप खाले धनकी शठताको छोड कर अपनी शक्त्यनुसार दक्षिणादे ॥ ५६ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अनन्तदेवका पूजन सदा नदीके किनारेपर करना चाहिये कुशाके शेषजी बनाकर वंशपात्र (बांसकी टोक) रीमें स्थापित करै ॥ ५७ ॥ स्नान करकै और दीपक सुगंधित पुष्प धूप मिष्टान्न अनेक २ पक्के

कर्तव्यंचसरित्तीरेसदानन्तस्यपूजनम् ॥ शेषंकुशमयंकृत्वावंशपात्रेनिधायच ॥ ५७ ॥ स्नात्वानन्तंसमभ्यर्च्यमण्डलेगन्धदीपकैः॥ पुष्पैर्धूपैश्चनैवेद्यैर्नानापक्वान्नसंयुतैः ॥ ५८ ॥ तस्याग्रतोदृढंन्यस्यकुङ्कुमाक्तंसुदोरकम् ॥ चतुर्दशग्रन्थियुतंगन्धाद्यैरर्चयेच्छुभैः ॥ ततस्तुदक्षिणेपुंसांस्त्रीणांवामेकरेन्यसेत् ॥ ५९ ॥

फलौंसे अनन्त देवका पूजन कर ॥ ५८ ॥ उसके समीप चौदह (१४) गांठौंवाले मजबूत लाल डोरेको रखकर शुभ मंत्रोंसे पूजन करकै फिर पुरुषोंके दक्षिणा (दाहिने) और स्त्रियोंके बायें हाथमें बांधदे ॥ ५९ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे वासुदेव ! अनन्त संसार रूपी इस समुद्रसै मुझ डूबतेहुएको तुम उद्धारकरो । अनन्तरूप होकर इस डोरेमैं प्रवेश हो ऐसे अनन्तरूप इस सूत्र (डोरा) के अर्थ नमस्कार है ॥ ६० ॥ इस मंत्रसे अनन्तका

अनन्तसंसारमहासमुद्रमग्नंसमभ्युद्धरवासुदेव ॥ अनन्तरूपेविनियोजयस्वह्य
नन्तसूत्रायनमोनमस्ते ॥ ६० ॥ अनेनदोरकंबद्ध्वाकथांश्रुत्वाहरेरिमाम् ॥ ध्या
त्वानारायणंदेवमनन्तंविश्वरूपिणम् ॥ ६१ ॥ भुक्त्वाचान्तेव्रजेद्वेश्मभद्रेप्रोक्तं
व्रतंतव ॥ ॥ कृष्णउवाच ॥ ॥ एवमाकर्ण्यराजेन्द्रप्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥६२॥

पूजन कर वह डोरा हाथमें बांधले और विष्णुभगवानकी पवित्र कथाको सुनकर और अनन्तस्वरूप विष्णुभगवानका ध्यान करता हुआ ॥ ६१ ॥ पीछेसे भोजन कर अपने घरको चला जाय हे सुभगे ! यह अनन्तके व्रतकी विधिहै । इसतरह स्त्रियोंकी कथाको सुनाकर श्रीकृष्णबोले हे नृपसत्तम युधिष्ठिर ! इस

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रकार व्रतकी विधिको सुन प्रसन्नचित्त होकर ॥ ६२ ॥ उस शीलानेभी व्रतको करके हाथमें डोरा बांधा और उस रस्तेके भोजनमेंसे आधा ब्राह्मणको देकर आपभी खाकर ॥ ६३ ॥ फिर प्रसन्न

सापिचक्रेव्रतंशीलाकरेबध्वासुदोरकम् ॥ पाथेयमर्धंविप्रायदत्त्वाभुक्तास्वयंत तः ॥ ६३ ॥ पुनर्जगामसंहृष्टागोरथेनस्वकंगृहम् ॥ भर्त्रासहैवज्ञनकैःप्रत्यय स्तत्क्षणादभूत् ॥ ६४ ॥ तेनानन्तव्रतेनास्यबभौगोधनसंकुलम् ॥ गृहाश्रमंश्रि यायुष्टंधनधान्यसमन्वितम् ॥ ६५ ॥

होती हुई बैल गाडीमें बैठ अपने पतिके साथ घरको गमन किया तभीसे उसे स्वामीके साथही विश्वास होगया ॥ ६४ ॥ उस अनन्तव्रतके प्रभावसे इसका घर गौ और लक्ष्मी धन और धान्यसे युक्त ॥ ६५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सदां अतिथियोंके पूजनसे भरा हुआ होगया और वह शीलाभी मणियोंकी तगडी पहरे मोतियोंके हारोंसे शोभित ॥ ६६ ॥ देवस्त्रियोंके समानरूपवाली सरस्वतीकी समान शोभित होती हुई आनन्ददेनेवालाहै स्वरू-

आकुलंव्याकुलंरम्यंसर्वदातिथिपूजनैः ॥ सापिमाणिक्यकाञ्चीभिर्मुक्ताहारै
र्विभूषिता ॥ ६६ ॥ देवाङ्गनेवसंपन्नासावित्रीप्रतिमाभवत् ॥ विचचारगृहे
भर्तुःसमीपेसुखरूपिणी ॥ ६७ ॥ कदाचिदुपविष्टायादृष्टोबद्धःसदोरकः ॥
शीलायाहस्तमूलेतुभर्त्रातस्याद्विजन्मना ॥ ६८ ॥ किमिदंदोरकंशीलेममव
श्यायकल्पितम् ॥ धृतंसुदोरकंत्वेतत्किमर्थंब्रूहितत्त्वतः ॥ ६९ ॥

प जिसका ऐसी पतिके सामने घरमें फिरनेलगी ॥ ६७ ॥ एक समय बैठी हुई उस शीलाके हाथमें बँधेहुए उस डोरेको देखकर उसका पति वह ब्राह्मणबोला ॥ ६८ ॥ हे शीले! यह डोरा कैसाहै और तूने क्यों बांधाहै

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

क्या तूने मुझे अपने वशमें करनेको बांधाहै यह तू मुझे बताव ॥ ६९ ॥ यह सुनकर शीला बोली हे स्वामिन् ! जिसकी कृपासे धनधान्यादि सम्पत्ति मनुष्य पाते हैं उस अनन्तदेवकी मैंने धारणा करीहै ॥ ७० ॥ हे

॥ शीलोवाच ॥ ॥ यस्यप्रसादात्सकलाधनधान्यादिसंपदः॥लभ्यन्तेमानवै श्चापिसोनन्तोयंमयाधृतः ॥ ७० ॥ शीलायास्तद्वचःश्रुत्वाभर्त्रातेनद्विजन्म ना॥ श्रीमदान्धेनकौरव्यसाक्षेपंत्रोटितस्तदा ॥ ७१ ॥ कोनन्तइतिमूढेन जल्पतापापकारिणा॥ क्षिप्तोज्वालाकुलेवह्नौहाहाकृत्वाप्रधावती ॥ ७२ ॥

युधिष्ठिर ! इस प्रकार शीलाके वचन सुनकर उस श्रीके मदसे अंधे हुए ब्राह्मणने उस डोरेको झटका देकर तोड डाला ॥ ७१ ॥ अनन्त कौन होताहै ऐसे उस मूर्खपापीने कहकर प्रज्वलित अग्निमें उस डोरेको डाल

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दिया ॥ ७२ ॥ हाय २ करके रोती हुई उस शीलाने दाड़करै जलते हुए डोरेको आगसैं निकाल दूधमें डाल दिया उस दुष्कर्मके करनेसे उसकी सब श्री नष्ट होगई ॥ ७३ ॥ गौ और धन तौ चौरोंने चुरालिया, घरमें आग

शीलागृहीत्वातत्सूत्रंक्षीरमध्येसमाक्षिपत् ॥ तेनकर्मविपाकेनसाश्रीस्तस्य क्षयंगता ॥ ७३ ॥ गोधनंतस्करैर्नीतंगृहंदग्धंधनंगतम् ॥ यद्यथैवागतंगेहे तत्तथैवपुनर्गतम् ॥ ७४ ॥ स्वजनैःकलहोनित्यंबन्धुभिस्ताडनंतथा ॥ अनन्ताक्षेपदोषेणदारिद्र्यंपतितंगृहे ॥ ७५ ॥

लगगई, जिस प्रकार आयाथा उसीप्रकार सब कुछ चलागया ॥ ७४ ॥ भाई और जातिके आदिमियोंसे रोज २ मार पीट और क्लेश लड़ाई होनेलगी । अनन्त तोड़नेके दोषसैं सब दरिद्रता घरमें आगई ॥ ७५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नकश्चिद्वदतेलोकस्तेनसार्द्धंयुधिष्ठिर ॥ शरीरेणातिसंतप्तोमनसाप्यतिदुः
खितः॥ ७६॥ निर्वेदंपरमंप्राप्तःकौण्डिन्यःप्राहतांप्रियाम्॥ ॥ कौण्डिन्यउ
वाच॥ ॥शीलेममेदमुत्पन्नंसहसाशोककारणम्॥७७॥ येनातिदुःखमस्माकं
जातःसर्वधनक्षयः॥ स्वजनैःकलहोगेहेनकश्चिन्मांप्रभाषते॥ ७८॥ शरीरे
नित्यसंतापःखेदश्चेतासिदारुणः॥ जानासिदुर्नयःकोत्राकिंकृत्वासुकृतंभवेत्७९

हे युधिष्ठिर! कोई मनुष्य उसकेसाथ बातभी न करै तब वह ब्राह्मण मनसे और देहसे बड़ा दुःखित होताहुआ ॥ ७६ ॥ अत्यन्त पीडाको पाकर निर्वेद हो वह कौंडिन्य अपनी स्त्रीसे बोला। हे प्रिये! यह दुःखका कारण अकस्मात्ही कहांसे उत्पन्न होगया ॥७७॥ जिससे हम बहुत दुःखि होतेहैं और सब धनभी नष्ट हो गया भाई बंधुओंसे घरमें रोज लडाई होतीहै और कोई मुझसे बोलताभी नहीं ॥ ७८ ॥ शरीरमेंभी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रोज संतापहै चित्तमें अत्यन्त खेदहै तूं कुछ जानतीहै कौनसे सुकृतसे इस दुःखका नाश होगा ॥ ७९ ॥
यह वचन सुनकर सुन्दरस्वभाववाली शीलसैं मंडित वह शीला बोली । मैं जानतीहूं कि यह अनन्तके

प्रत्युवाचाथतंशीलासुशीलाशीलमण्डना॥ ॥शीलोवाच॥ ॥ प्रायोनन्त
कृताक्षेपपापसंभवजंफलम्॥ ८० ॥ भविष्यतिमहाभागतदर्थंयत्नमाचर ॥
एवमुक्तःसविप्रर्षिर्जगाममनसाहरिम्॥८१॥निर्वेदान्निर्जगामाथकौण्डिन्यः
प्रयतोवनम्॥ तपसेकृतसंकल्पोवायुभक्षोद्विजोत्तमः ॥ ८२ ॥

तिरस्कार करनेके पापका फलहै ॥ ८० ॥ सो हे महाभाग! इस कारण आप इसका कुछ यत्न करिये
यह सुनकर वह ब्राह्मण मनसे विष्णुका ध्यान करनेलगा ॥ ८१ ॥ और निर्वेदको प्राप्तहो वनमें जाकर
इन्द्रियोंको जीत वायुभक्षण करताहुआ वह कौंडिन्य तप करनेलगा ॥ ८२ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और उस सर्वव्यापी भगवान्को कहां देखूं ऐसा विचार करने लगा, जिसकी कृपासे धनादिक सुखके देनेवाले बहुतसे पदार्थ आये, और तिरस्कार करनेसे फिर चलेगये इस प्रकार विचार करता हुआ

मनसाध्यायचानन्तंकद्रक्ष्यामिचतंविभुम् ॥ यस्यप्रसादात्संजातमाक्षेपान्नि धनंगतम् ॥ ८३ ॥ धनादिकंममातीवसुखदुःखप्रदायकम् ॥ एवंसंचिन्तय न्सोथबभ्रामगहनेवने ॥ ८४ ॥ तत्रापश्यन्महाचूतंपुष्पितंफलितंद्रुमम् ॥ वर्जितंपक्षिसंघातैःकीटकोटिसमावृतम् ॥ ८५ ॥ तमपृच्छद्विजोनन्तःक्वचि द्दृष्टोमहातरो ॥ ब्रूहिसौम्यममातीवदुःखंचेतसिवर्तते ॥ ८६ ॥

उस बड़े वनमें फिरनेलगा ॥ ८३ ॥ ८४ ॥ उस वनमें बहुतसे फलफूलोंसे युक्त और पक्षियोंसे रहित और बहुत प्रकारके कीड़ोंसे लिपटे हुए बडे भारी आमके वृक्षको देखा ॥ ८५ ॥ उस वृक्षको

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और वृद्धब्राह्मणकारूप बनाकर उससे बोले कि तुम यहां हमारे धोरै आओ, और दाहिना हाथ पकड़कर उसको गुहामें लिवाकर लेगये ॥९९॥ तहां लेजाकर सुन्दरस्वरूपवती स्त्री और नरौंसै युक्त अपनी पुरी

वृद्धब्राह्मणरूपेणइतएहीत्युवाचतम् ॥ प्रगृह्यदक्षिणेपाणौगुहायांप्रविवेश तम् ॥ ९९ ॥ स्वांपुरींदर्शयामासदिव्यनारीनरैर्युताम् ॥ तस्यांनिविष्टमात्मानंदिव्यसिंहासनेशुभे ॥ १०० ॥ पार्श्वस्थशङ्खचक्राब्जगदागरुडशोभितम् ॥ दर्शयामासविप्रायविश्वरूपमनन्तकम् ॥ १०१ ॥

को दिखाया और सुन्दर पवित्र सिंहासनमें बैठे हुए अपनेशरीरको दिखाया ॥ १०० ॥ और पांचजन्यशंख, सुदर्शनचक्र, कमल, कौमोदकीगदा, गरुड इन करकै सहित उस ब्राह्मणको अपना विश्वरूप अनन्तस्वरूप दिखाया ॥ १०१ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और विभूतियोंसे अनेक प्रकारकरकै शोभित और अत्यन्त पराक्रमयुक्त कौतुभमणीसे प्रकाशमान वनमालाओंको धारण करे हुए उस ब्राह्मणको अपनास्वरूप दिखाया ॥ १०२ ॥ उन देवताओंके

विभूतिभेदैश्चानन्तैराजन्तममितौजसम् ॥ कौस्तुभेनविराजन्तंवनमालावि
भूषितम् ॥ १०२ ॥ तंदृष्ट्वादेवदेवेशमनन्तमपराजितम् ॥ वन्दमानोजगा
दोच्चैर्जयशब्दपुरःसरम् ॥ १०३ ॥ पापोहंपापकर्माहंपापात्मापापसंभवः ॥
त्राहिमांपुण्डरीकाक्षसर्वपापहरोभव ॥ १०४ ॥

ईश्वर अजित अनन्त भगवान्को देखकर प्रणाम करकै वह ब्राह्मण आपकी जयहो यह बडी जोरसै बोला ॥ १०३ ॥ हे कमलसदृशनेत्रवाले ! पापरूपभी मैंहीं हूं पापका करनेवालाभी मैंहीं हूं पापात्मा भी मैंही हूं और पापहीसे पैदा हुआहूं इसी कारणसैं हे सब पापोंके दूरकरनेवालों आप मेरी रक्षा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

करिये मैं आपकी शरण हूं ॥ १०४ ॥ हे भगवन् ! जो मेरा शिररूपी भौंरा आपके चरणकमलमें भ्रम
नेलगा इसीसे मेरा जन्म और जीवन आज सफल हुआ ॥ १०५ ॥ यह सुनकर देवताओंके ईश्वर अ

अद्यमेसफलंजन्मजीवितंचसुजीवितम् ॥ यत्तवाङ्घ्र्यब्जयुगुलेमन्मूर्धाभ्रम
रायते ॥ १०५ ॥ तच्छ्रुत्वानन्तदेवेशःप्राहसुस्निग्धयागिरा ॥ माभैस्त्वंब्रूहि
विप्रेन्द्रयत्तेमनसिवर्तते ॥ १०६ ॥ ॥ कौण्डिन्यउवाच ॥ ॥ मयाभूत्यवलि
तेनत्रोटितोनन्तदोरकः ॥ तेनपापविपाकेनभूतिर्मेप्रलयंगता ॥ १०७ ॥

नन्तदेव मनोहर वाणीसे बोले हे ब्राह्मणोंमे श्रेष्ठ! तूं भय मत करै जो तेरे मनमें हैं सो कह ॥ १०६ ॥ तब
यह सुनकर वह कौंडिन्य बोला स्वामिन्! मैंने धनके अहङ्कारसे अनन्तका डोरा तोड डालाथा सो इसी
पापसे मेरा सब ऐश्वर्य्य नष्ट होगया ॥ १०७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

घरमें रोज लड़ाई क्लेश होताहै और कोई मुझसे बोलताभी नहीं जब मैं दुःखसे निर्वेद (व्याकुलता) को प्राप्त हो वनमें आपके दर्शनकी इच्छासे आया ॥ १०८ ॥ तब हे देवताओंके ईश्वर! कृपा करके

स्वजनैःकलहोगेहेनकश्चिन्मांप्रभाषते ॥ निर्वेदाद्गमितेरण्येतवदर्शनकाङ्क्षया ॥ १०८ ॥ कृपयादेवदेवेशत्वयात्मासंप्रदर्शितः ॥ तस्यपापस्यमेशान्तिं कारुण्याद्वक्तुमर्हसि ॥ १०९ ॥ ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ ॥ तच्छ्रुत्वानन्तदेवेशउवाचद्विजसत्तमम् ॥ भक्त्यासंतोषितोदेवःकिंनदद्याद्युधिष्ठिर॥ ११० ॥

आपनें अपना दर्शनदिया सो अब आप मेरे ऊपर कृपाकर उस पापकी शान्तिका उपाय कहिये और कारण भी बताइये॥ १०९ ॥इतनी कथा सूनाय श्रीकृष्णचन्द्रजी बोले हे युधिष्ठिर! उस ब्राह्मणके यह वचन सुनकर विष्णुभगवान् बोले कि अनन्तभगवान् प्रसन्नहोकर क्या नहीं दे देतेहैं अर्थात् सभी कुछ दे देतेहैं ११०

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तब अनन्तजी बोले हे कौण्डिन्य! तूं देर मत करै जल्दीसैं अपने घर जाकर बडीभक्तिपूर्वक चौदह वर्षतक अनन्तका व्रत कर ॥ १११ ॥ सारे पापोंसे छूटकर उत्तम सिद्धिको पावैगा। और बेटे पोतों

॥ अनन्तउवाच ॥ ॥ स्वगृहेगच्छकौण्डिन्यमाविलम्बंकुरुद्विज ॥ चरान न्तव्रतंभक्त्यानववर्षाणिपञ्चच ॥ १११ ॥ सर्वपापविशुद्धात्माप्राप्स्यसे सिद्धिमुत्तमाम् ॥ पुत्रपौत्रान्समुत्पाद्यभुक्त्वाभोगान्यथेप्सितान् ॥ ११२ ॥ अन्तेमत्स्मरणंप्राप्यमामुपैष्यस्यसंशयम् ॥ अन्यंचतेवरंदद्मिसर्वलोकोप कारकम् ॥ ११३ ॥

को उत्पन्नकरकै अनेक प्रकारके मनवांछित भोगोंको भोगकर ॥११२॥ मरते समय मेरा स्मरण करने सैं निःसन्देह मुझमेंही मिल जायगा, यहमैं औरभी सारे संसारका उपकार करनेवाला तुझको वर देता हूं॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जो कोई शीला और अनन्तके आख्यानको सुनेगा और जो इस सुन्दर व्रतको करेगा ॥ ११४ ॥ वह बहुत जल्दी पापसे छूटकर मोक्षको पावैगा और हे ब्राह्मण ! तूं जिस मार्गसे आया है उसी मार्गसैं अपने

इदमाख्यानकवरंशीलानन्तव्रतादिकम् ॥ करिष्यतिनरोयस्तुकुर्वन्व्रत मिदंशुभम् ॥ ११४ ॥ सोचिरात्पापनिर्मुक्तःप्राप्नोतिपरमांगतिम् ॥ गच्छ विप्रगृहंशीघ्रंपथायेनागतोह्यसि ॥ ११५ ॥ ॥ कौण्डिन्यउवाच ॥ ॥स्वामिन् पृच्छामितेब्रूहिकिंचित्कौतूहलंमया ॥ अरण्येभ्रमताद्दष्टंतद्वदस्वजगद्गुरो ११६

घरको चलाजा ॥ ११५ ॥ यह सुनकर कौंडिन्य बोला हे स्वामिन् ! जो मैंने वनमे फिरते २ तमासा देखा सो मैं आपको सुनाता हूं आप कृपाकर बतलाइये हे जगत्केगुरु ! उसके सुननेकी मुझे बडी इच्छाहै ॥ ११६ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

वह जो मैंने आमका वृक्ष देखाथा सो वह कौनथा और वह गौ कौनथी और वह वृषभ कौनथा कमल और कल्हारोंसे शोभित बहुत सुन्दर ॥ ११७ ॥ वनमें मैंने दो तलैयें देखी थीं, वह दौनों कौ

यश्चूतवृक्षःकस्तत्रकागौःकोवृषभस्तथा ॥कमलोत्पलकल्हारैःशोभितंसुमनो हरम् ॥ ११७ ॥ मयादृष्टंमहारण्येकिंतत्पुष्करिणीद्वयम् ॥ कःखरःकुञ्जरः कोसौकोसौवृद्धोद्विजोत्तमः ॥ ११८ ॥ ॥ अनन्तउवाच ॥ ॥ सचूतवृ क्षोविप्रोसौविद्यावेदविशारदः ॥ विद्यानदत्ताशिष्येभ्यस्तेनासौतरुतांगतः १९

नथीं, और गधा और वह हाथी कौनथा, और यह वृद्ध ब्राह्मण कौनथा ॥ ११८ ॥ यह सुनकर अनन्त भगवान् बोले वह आमका वृक्ष तौ सम्पूर्ण विद्याओंमें चतुर महापण्डित था इसने शिष्योंको विद्या नहीं पढाईथी, इसीकारणसे वह वृक्ष होगया ॥ ११९ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और वह गौ बीजोंकी हरनेवाली उपरभूमिथीपहले उसने बीजहरथे और वह वृषभ धर्मथा घास में उपस्थित ॥१२०॥ जो तूने देखाथा वह धर्माधर्मका विचार नहीं करताथा इसीकारणसे वृषभ हुआ

यागौर्वसुंधरादृष्टापूर्वंसाबीजहारिणी ॥ वृषोधर्मस्त्वयादृष्टःशाद्वलेयःसमा स्थितः ॥१२०॥ धर्माधर्मव्यवस्थानंतच्चपुष्करिणीद्वयम् ॥ ब्राह्मण्यौकेचिदप्यास्तांभगिन्यौतेपरस्परम् ॥ १२१ ॥ धर्माधर्मादियत्किंचित्तेनिवेदयतो मिथः ॥ विप्रायनकचिद्दत्तमतिथौदुर्बलेपिवा ॥ १२२ ॥

और वह दौनो तलैयें जो देखींथीं वे ब्राह्मणी दौनो बहनेथीं ॥१२१॥ आपसमें जो कुछ धर्मअधर्मका हो यथावह सब आपही आपसमें बांटकर खालेथीं उन दौनोंने ब्राह्मण और अभ्यागत और दुर्बल १२२

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भिखारी इनको कुछभी नहीं दिया इसी पापसैं वे दौनों आपसमें लहरोंकी लंघारोंसे दुखी होतीहैं और उनका जल लहरोंके मारे एकका दूसरेमें जाताहैं ॥ १२३ ॥ और वह गधा महाक्रोध था और वह

भिक्षादत्तानचार्थिभ्यस्तेनपापेनकर्मणा ॥ वीचिकल्लोलमालाभिर्गच्छतस्ते परस्परम् ॥ १२३ ॥ खरःक्रोधस्तथादृष्टःकुञ्जरोमदउच्यते ॥ ब्राह्मणोसाव नन्तोहंगुहासंसारगह्वरम् ॥१२४॥ इत्युक्तादेवदेवेशस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ स्वप्नप्रायंतुतद्दृष्ट्वाततःस्वगृहमागतः ॥ १२५ ॥

हाथी अहंकारथा और वह वृद्धब्राह्मण तौ संसाररूपी गुहामें मैंही था ॥ १२४ ॥ इस प्रकार अनन्त भगवान् कहकर उसी समय अनन्त अन्तर्धान होगये और वह ब्राह्मण स्वप्नकी समान उस वृत्तान्त को देखकर अपने घरको चला गया ॥ १२५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीकृष्णजी बोले हे युधिष्ठिर! चौदहवर्ष तलक अनन्तके व्रतको करके सारे भोगोंको भोगकर ॥ १२६ ॥ वह ब्राह्मण मरते समय विष्णुभगवान्का ध्यानकर अनन्तके लोकको चलागया इसी

कृत्वानन्तव्रतंसम्यङ्नववर्षाणिपञ्चच ॥ भुक्तासर्वमनन्तेनयथोक्तंपाण्डुनन्दन ॥ १२६ ॥ अन्तेचस्मरणंप्राप्यगतोनन्तपुरेद्विजः ॥ तथात्वमपिराजर्षेकथांशृण्वन्व्रतंकुरु ॥ १२७ ॥ प्राप्स्यसेचिन्तितंसर्वमनन्तस्यवचोयथा ॥ यद्वैचतुर्दशेवर्षेफलंप्राप्तंद्विजन्मना ॥ १२८ ॥

प्रकार हे राजन्! आपभी व्रत करके इसकी कथाको सुनिये ॥ १२७ ॥ इसीसे तुम अपने इस राज्यको प्राप्त होजाओगे जैसे अनन्तके कहनेसे वह ब्राह्मण चौदहवर्षमें अपने इष्टफलको प्राप्तहो गया ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ १२८ ॥ इस व्रतके करनेसे और कथाके सुननेसे प्राणी एकही वर्षमें फलको प्राप्त होजाताहै हे राजन् ! यह व्रतोंमें उत्तम व्रत हमने तुम्है सुनाया ॥ १२९ ॥ जिस व्रतके करनेसे निःसंदेह प्राणी पापोंसे

वर्षैकेनतदाप्नोतिकृत्वासाख्यानकंव्रतम् ॥ एतत्तेकथितंभूपव्रतानामुत्तमंव्रतम् ॥ १२९ ॥ यत्कृत्वासर्वपापेभ्योमुच्यतेनात्रसंशयः ॥ येपिशृण्वन्तिसततंपठ्यमानंपठन्तिये ॥ तेपिपापविनिर्मुक्ताःप्राप्स्यन्तिचहरेःपदम् १३० ॥ संसारसागरगुहासुसुखंविहर्तुवाञ्छन्तियेकुरुकुलोद्भवशुद्धसत्त्वाः ॥ संपूज्यच त्रिभुवनेशमनन्तदेवंबध्नन्तिदक्षिणकरेवरदोरकंते १३१ इत्यनन्तकथास०।

छूट जातेहैं और जो इस कथाको सुनतेहै और जो पढतेहैं वेभी सारे पापोंसे छूटकर निःसंदेह विष्णुलोकको चले जातेहै ॥ १३० ॥ श्रीकृष्णचन्द्र बोले हे युधिष्ठिर ! जो पवित्र प्राणी संसार सागरकी गुफामें विचरनेकी इच्छा करतेहैं वे अनन्तदेवका पूजनकरके दाहिने हाथमें अनन्तका पवित्रडोरा बंधतेहैं १३१

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इति श्रीब्रजरत्नभट्टाचार्य्यकृत भाषाटीका अनन्तव्रतकथा समाप्ता ॥ ॥ शुभंभवतु ॥

दोहा– क्षमा करहु बुधलोग भूलचूक पावो जहाँ । आशिषदेहु सयोग, बढै निरन्तर प्रीतिबहु ॥ १ ॥

ब्रजरत्नभट्टाचार्य्य मुरादाबाद–गंज.

इदं पुस्तकं श्रीकृष्णदासात्मज गङ्गाविष्णुना स्वकीये "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणालयेऽङ्कितम् (शके १८१५ संवत् १९५०)

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास
"लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना.

कल्याण——(मुंबई)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

निरुक्ति निर्वचन दो व्याख्याओंसे युक्त भगवद्गुणदर्पणाख्य विष्णुसहस्रनामभाष्य-
की और विष्णुसहस्रनाम दीपिकाकी तथा विष्णुसहस्रनाम चंद्रिकाकी-

जाहिरखबर.

अनुष्टुप्श्लोकात्मक निरुक्तिव्याख्यासमेत और प्रकृतिप्रत्ययको दिखानेवाले पाणिनिसूत्रोंसे गर्भित ऐसी निर्वचननामक द्वितीयव्याख्यासे युक्त भगवद्गुणदर्पणनामक विष्णुसहस्रनामभाष्य आधा छपरहाहै अवशिष्ट छपताहै और उक्त भाष्यके अनुसार विष्णुसहस्रनामका व्युत्पत्तिसहित हिंदीभाषामें दीपिकानामक ग्रंथ सोभी द्वितीयपुस्तक तथा शांकरभाष्यके अनुकूल विष्णुसहस्रनामका व्युत्पत्तिसहित हिंदीभाषामें चन्द्रिकानामक ग्रन्थ कियाहै सो यहदोनों पुस्तकैं अत्यंत सुंदर छोटे बडे अक्षरोंमें छपकर विक्रयार्थ प्रस्तुतहैं तिनपुस्तकोंको जिनमहाशयोंको लेनेकी और देखनेकी इच्छा हो उन्होंने शीघ्र सूचना करना तब उक्तपुस्तकोंको भेजनेमें उद्यत होवेंगे।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

व्याख्याद्वयोपेतस्य भगवद्गुणदर्पणाख्यस्य श्रीविष्णुसहस्रनामभाष्यस्य

प्रसिद्धिपत्रिका ।

अनुष्टुप्श्लोकात्मकनिरुक्त्याख्यव्याख्यासमेतं, नामनिर्वचनोपयोगिप्रकृतिप्रत्ययप्रदर्शकनिखिलतन्त्रप्रधानीभूतपाणिनीयस्मृतिसूत्रगर्भितनिर्वचनाख्यद्वितीयव्याख्यासमेतं च, सहृदयहृदयाह्लादकंश्रीभगवद्गुणदर्पणाख्यं श्रीविष्णुसहस्रनामभाष्यमासीत्तैलङ्गदेशाक्षरैर्द्राविडदेशाक्षरैश्चमुद्रितम्, तच्चास्मदीयदेशेऽतीव दुर्लभतरमिति मनसि निधाय सकलजनोपकृतयेऽतिप्रयासेन तैलङ्गदेशादिहानाय्य देवाक्षरैर्लेखयित्वा मुहुर्मुहुरभिज्ञजनद्वारा संशोध्य च, स्थूलसूक्ष्माक्षरैर्मनोहरं मुद्र्यते, येषां महाशयानां स्याज्जिघृक्षा तैर्द्रुततरम् सूचना कार्या, यतस्तत्पुस्तकप्रेषणेऽहमुद्यतो भवेयमिति मे विज्ञप्तिः ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

गोविन्दराजीयभूषणाख्यया तनिश्लोक्याख्यया रामानुजीयाख्यया च व्याख्यया समेतस्य श्रीवाल्मीकिरामायणस्य

प्रसिद्धिपत्रिका।

भो भो विद्यापारावारपारीणा इदं विदाङ्कुर्वन्त्वत्रभवन्तः—तनिश्लोक्याख्यया भूषणाख्यया रामानुजीयाख्यया च व्याख्यया समेतं श्रीवाल्मीकिरामायणम् अत्युत्तमतैलङ्गदेशीयपुस्तकमालोच्य पण्डितैः संशोधितं, तच्च सम्प्रतिमुव्यक्तैः स्थूलसूक्ष्माक्षरैर्लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर मुद्रणयन्त्रे मुद्र्यते, तस्य च नागेशप्रभृतिविनिर्मिताः सन्ति यद्यपि बह्वचोव्याख्याः, तथापि सहृदयहृदयाह्लादकनानाविधाऽपूर्वार्थान्वेषणे प्रयतमानैरार्यकुलोचितधर्ममर्यादाविचारशीलैर्महाशयैर्निर्विशेषत्वेन सविशेषत्वेन च ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादकवेदान्तवाक्यानां समीचीनतर्कसहकृतिविषयभेदव्यवस्थापनेनतात्पर्यार्थनिर्णायकतया श्रीवाल्मीक्यभिप्रायानुगा रामानुजीयव्याख्यातनिश्लोकी व्याख्यासमेता भूषणाख्यव्याख्याऽवश्यंनिरीक्षणीयेति [illegible]ऽहंनिरीक्षणेनाभिज्ञानामवश्यं जिघृक्षाभवेदिति ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तर्कसंग्रहव्याख्यायाः लघ्वीबोधिनी समाख्यायाः
प्रसिद्धिपत्रिका ।

भो भो न्यायशास्त्राऽधिजिगांसवो विदाङ्कुर्वन्त्वत्रभवन्तः जगत्प्रसिद्धश्रीवृन्दावननिवासिश्रीरङ्गाचार्य स्वामिप्रणीता लघुबोधिनीसमाख्या तर्कसंग्रहसमेता तर्कसंग्रहव्याख्या साम्प्रतं "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणागारे संमुद्यप्रकाशिता सा च न्यायशास्त्रपरिभाषाजिज्ञासूनामतीवोपकारिणी तस्यां च, इतरव्याख्यापेक्षया अधिका उपयुक्ताश्च सर्वेऽपि विषयाः अल्पशो दर्शिताः, तथा च मन्येऽहमेतदध्ययनेन गादाधरीजागदीशीत्याद्याकरग्रन्थाध्ययनेव्यवसायशालिनोऽवश्यं समुत्सहेरन्, येषांमहाशयानां जिघृक्षाचेत् तैः सूचना कार्येति मे विज्ञप्तिः।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना

कल्याण-(मुंबई)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection